उत्तर प्रदेश शासन
राज्य योजना आयोग-2
(नियोजन विभाग)
संख्या-04/2021(791/21)3/3/35-आ0-2/2020-20
लखनऊ: दिनांक : 07 मई, 2021
कार्यालय ज्ञाप

वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांक 22 मार्च, 2021 में निर्गत शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये आय-व्ययक के अन्तर्गत प्रावधानित धनराशि रू0-124.90 लाख (रू0 एक करोड चौबीस लाख नब्बे हजार मात्र) को नियोजन विभाग की अनुदान संख्या-40, लेखाशीर्ष-2402-मृदा तथा जल संरक्षण-103-भूमि सुधार तथा विकास-04-राज्य भूमि उपयोग परिषद, (मतदेय) के अर्न्तगत विभिन्न मानक मदों में निम्नलिखित विवरण के अनुसार आंवटित कर व्यय हेतु राज्यपाल महोदय स्वीकृति प्रदान करते है:-

अनुदान संख्या-40,

लेखाशीर्ष-2402-मृदा तथा जल संरक्षण **(धनराशि लाख रूपये में)**

मद संख्या	मद नाम	वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु आवंटित कुल आय-व्ययक	वित्तीय वर्ष 2021-22 में भूमि उपयोग परिषद को स्वीकृत धनराशि
1	2	3	4
01	वेतन	85.00	85.00
03	मंहगाई भत्ता	25.50	25.50
04	यात्रा व्यय	0.50	0.50
06	अन्य भत्ते	0.50	0.50
08	कार्यालय व्यय	0.50	0.50
11	लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	0.50	0.50
13	टेलीफोन पर व्यय	0.20	0.20
15	गाडियो. का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	1.00	1.00
42	अन्य व्यय	0.50	0.50
44	प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	0.10	0.10
45	अवकाश यात्रा व्यय	0.50	0.50
47	कम्प्यूटर अनुरक्षण /बंधी स्टेतत्सं शनरी का क्रय	0.50	0.50
49	चिकित्सा व्यय	3.50	3.50
51	वर्दी	0.60	0.60
55	मकान किराया भत्ता	5.50	5.50
	कुल योग-:	124.90	124.90

(रू0 एक करोड चौबीस लाख नब्बे हजार मात्र)

उक्त धनराशि निम्ननिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन व्यय की जायेगी ।

1- वेतन, भत्ते तथा कार्यालय व्यय से संबंधित व्ययों की वित्तीय स्वीकृतियां प्रशासकीय विभागों द्वारा स्वयं जारी की जायेगी।

2- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22 मार्च, 2021 में दिये गये निर्देशो/शर्तो का कडाई से अनुपालन किया जायेगा ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- समस्त प्रशासकीय विभाग सम्भावित व्यय की फेजिंग विभाग के कार्य की प्रकृति एवं अवसर के अनुसार कर लें। जहॉ तक सम्भव हो, व्यय की फेजिंग वित्तीय वर्ष के लिए प्रतिमाह समान रूप से की जाय। वित्तीय वर्ष के अन्तिम त्रैमास में कुल बजट प्राविधान के 30 प्रतिशत से अधिक धनराशि तथा वित्तीय वर्ष के अन्तिम माह में 15 प्रतिशत से अधिक धनराशि की वित्तीय स्वीकृतियां न जारी की जाय ।

4- विभिन्न अनुदानों के अर्न्तगत बजट में प्राविधानित धनराशि का आवण्टन एवं आवण्टित/वितरित धनराशि के समक्ष व्यय पर नियंत्रण के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-बी-1195/दस16/94 दिनांक 06 जून 1994 द्वारा निर्गत आदेशों का कडाई के साथ अनुपालन सुनिश्चितकिया जाय।

5- व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ-साथ राजकीय धन व्यय करने में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गई शर्तो की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों (स्टैण्डर्स आफ फाइनेन्शियल प्रोप्राइटी) का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाय।

6- विभागाध्यक्षों एवं अन्य नियंत्रक अधिकारियों द्वारा बजट आंवटन में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाय कि आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा कोषागार से धनराशि का आहरण तत्काल आवश्यकता होने पर ही किया जाय। यदि संबंधित विभाग के आहरण एवं वितरण अधिकारी जनपद स्तर पर है, तो जनपद स्तर पर व्यय की जाने वाली धनराशियों को संबंधित जनपदों के आहरण एवं वितरण अधिकारी को आवंटित की जाय । ऐसे मामलों विभागध्यक्ष स्तर पर एकमुश्त धनराशि का आहरण न किया जाय। धनराशि के एकमुश्त आहरण से राज्य के रोकड प्रबंधन (कैश मैनेजमेंन्ट) पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है।

7- उपर्युक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-40 के लेखाशीर्ष-2402-मृदा तथा जल संरक्षण-103-भूमि सुधार तथा विकास-04-राज्य भूमि उपयोग परिषद के अर्न्तगत सुसंगत इकाईयों के नामें डाला जायेगा।

8- यह आदेश वित्त आय-व्ययक अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22 मार्च 2021 में fदये गये निर्देशानुसार जारी किये जा रहें है।

(ऋषिकेश दुबे)

विशेष सचिव ।

<u>सख्या (04/2021)(791/21)3/3/35-आ0-2/2020-20, तददिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 प्रधान महालेखाकार, (सिविल आडिट) प्रथम उ0प्र0, प्रयागराज ।
2 महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम उ0प्र0, प्रयागराज।
3 महालेखाकार (लेखा एवं हकादारी) द्वितीय उ0प्र0, प्रयागराज ।
4 वरिष्ठ आडिट अधिकारी (आडिट प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार लेखा परीक्षा प्रथम सत्यनिष्ठा भवन 15 थार्नहिल रोड प्रयागराज।
5 मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ को वित्त आय व्यय अनुभाग 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांक 22 मार्च 2021 के संबंध में।
6 अनुभाग अधिकारी लेखा नियोजन सचिव शाखा, नियोजन विभाग।
7 वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
8 वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5
9 आहरण वितरण अधिकारी राज्य योजना आयोग शाखा।
10 नियोजन अनुभाग 1
11 गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(ऋषिकेश दुबे)

विशेष सचिव ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।